समाचार

# आयुक्त ने घर–घर पहुंचकर लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश, स्वच्छता जागरूकता पम्पलेट बांटे, लोगों से की अपील – आईए अब तक अपने घर को साफ रखा, अब अपने शहर को साफ करें

**(निगम के सीतामणी वार्ड व अयोध्यापुरी में चली मेगा स्वच्छता ड्राईव, बस्तियों में भ्रमण कर आयुक्त ने किया सफाई कार्यो का निरीक्षण, वार्डो में चलाया गया स्वच्छता जागरूकता कैम्पेन)**



कोरबा 28 फरवरी 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज स्वच्छता जागरूकता कैम्पेन के अंतर्गत गली–गली, घर–घर पहुंचकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया तथा स्वच्छता जागरूकता से संबंधित पोस्टर पम्पलेट वितरित कर उनसे अपील की कि आईए अब तक अपने घर को साफ रखा, अब अपने शहर को साफ करें, न तो खुद गदंगी करें और न ही किसी अन्य व्यक्ति को गदंगी करने दें। उन्होने आग्रह किया कि घरों से निकले कचरे को नाली, सड़क व सार्वजनिक स्थान पर न डालें, दुकानों, ठेलों, गुमठियों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा के साथ ही निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज स्वच्छता अभियान के तहत सीतामणी व अयोध्यापुरी वार्ड में स्वच्छता जागरूकता कैम्पेन चलाया गया, वहीं दूसरी ओर इन दोनों वार्डो में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर एक अभियान के रूप में साफ–सफाई के कार्य भी कराए गए। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने स्वच्छता जागरूकता कैम्पेन में भाग लेते हुए गली–गली, घर–घर पहुंचकर वहॉ के रहवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता जागरूकता पोस्टर पम्पलेट लोगों को वितरित किए, इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्ती के रहवासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की जानकारी देते हुए उनसे कहा कि वे साफ–सफाई कार्यो एवं शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग देकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैकिंग में अपने कोरबा शहर को उच्चतम रैकिंग का सम्मान दिलाएं। इस मौके पर बस्ती के जिन लोगों के घरों के सामने बेहतर साफ–सफाई दिखी,

आयुक्त श्री पाण्डेय ने उन घरों के बच्चों को चाकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा इसी प्रकार साफ–सफाई बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित किया।

**हम न गदंगी करेंगे और न ही करने देंगे** – इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तीवासियों से कहा कि आईए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि घरों से निकले कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कदापि नहीं डालेंगे, हम न तो गदंगी करेंगे – और न ही किसी अन्य को गदंगी करने देंगे। घर से निकले सूखे व गीले कचरे को अलग–अलग डस्टबिन में रखेंगे तथा निगम के सफाई रिक्शें में ही कचरे को देंगे। खुले में शौच हेतु नहीं जाएंगे, केवल शौचालय का उपयोग करेंगे तथा अपने कोरबा शहर को स्वच्छ कोरबा – सुंदर कोरबा – निर्मल कोरबा बनाएंगे।

**अपने कोरबा की पाती..... पहुंचाई लोगों तक** – गली–गली, घर–घर भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने अपने कोरबा शहर की '' एक पाती..... प्रेम की '' लोगों तक पहुंचाई तथा वहॉ के बच्चों से उक्त पाती का वाचन कराकर लोगों को सुनवाया। पाती में हमारे कोरबा शहर ने अपने नागरिकों से भावुक अपील करते हुए शहर को साफ–सुथरा रखने, गंदगी न करने, कोरबा को स्वच्छ, सुंदर, निर्मल रखने का आग्रह किया है।

**एस.एल.आर.एम.सेंटर की स्वच्छता दीदियों से खरीदी बडी** – आयुक्त श्री पाण्डेय अयोध्यापुरी स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर पहुंचे तथा वहॉ पर स्वच्छता दीदियों द्वारा बनाई गई व पैकेटबद्ध की गई कोहडा बडी, मक्खना बडी, जिमी कांदा बडी व बिजौरी को खरीदा। आयुक्त श्री पाण्डेय ने एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया तथा सेंटर सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियों द्वारा की गई सेंटर की साजसज्जा, कचरे का बेहतर प्रबंधन, कबाड से जुगाड, मशरूम उत्पादन, खाद विक्रय, वहॉ की लघु उद्यानिकी व बेहतर साफ–सफाई के लिए उनके कार्यो की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सेंटर में इन सामग्रियों की खरीदी बिक्री हेतु क्यूआर कोड लगाने का सुझाव भी आयुक्त श्री पाण्डेय ने सेंटर सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियों को दिया।

**वृहद स्तर पर की गई साफ–सफाई** – आज निगम के कोरबा जोन के सीतामणी वार्ड एवं दर्री जोन के अयोध्यापुरी वार्ड में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर साफ–सफाई के कार्य कराए गए, इस दौरान नाले व नालियों की तल से सफाई, बर्म, झाड़ियों की सफाई, धूल, मिट्टी, सी.एण्ड डी.वेस्ट व उत्सर्जित कचरे का उठाव एवं परिवहन सहित अन्य साफ–सफाई के कार्य एक अभियान के रूप में कराए गए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त दोनों वार्डो में पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**कच्चे कोयला की सिगड़ी न जलाएं** – बस्तियों में भ्रमण के दौरान वहॉ पर जलाई जा रही कच्चे कोयल की सिगड़ी पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने संबंधितों को कच्चा कोयला जलाने से उत्पन्न होने वाले जहरीले धुएं तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके गंभीर प्रभाव की जानकारी देते हुए उनसे कहा कि कच्चे कोयला जलाने से निकला जहरीला धुआं स्वास्थ्य के अत्यंत घातक है तथा बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं एवं सभी के लिए अत्यंत हानिकारक है, अतः कच्चे कोयले की सिगड़ी न जलाएं, ईंधन हेतु अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें।

**गदंगी फैलाने पर अर्थदण्ड** – स्वच्छता अभियान के दौरान सीतामणी एवं अयोध्यापुरी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर कतिपय लोगों द्वारा सड़कों पर कचरा फेंक दिया गया था, जिस पर निगम के अधिकारियों ने कार्यवाही की तथा संबंधित लोगों पर अर्थदण्ड लगाया, उन्हें कड़ी समझाईश दी कि सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, अजीत तिग्गा, सहायक अभियंता एस.सी. सोनी, पीयूष राजपूत, डी.पी. साहू, रितेश सिंह, शैलेन्द्र नामदेव, ढेलूराम देवांगन, गिरवर विश्वकर्मा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।